हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 15 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 32.4 डिग्री
न्यूनतम 24.5 डिग्री

12 द आर्यन ग्लोबल स्कूल में मनाया स्वतंत्रता ...



12 मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एलपीएस...






## बम निरोधक दस्ते ने खंगाला समारोह स्थल

**रोहतक।** राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रशासन अलर्ट पर है। बृहस्पतिवार को बम निरोधक दस्ते के प्रभारी निरीक्षक जगबीर सिंह के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। शुक्रवार को होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के स्थल राजीव गांधी खेल परिसर में बारीकी से चेकिंग की गई। वहीं शहर में सभी जगह जवान तैनात किए गए है।

# बच्चे स्वस्थ, भविष्य मजबूत यही है असली आजादी

## डॉ. हिमानी धींगरा, बाल रक्त एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ, वी केयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रोहतक


डॉ. हिमानी धींगरा

**रोहतक।** 15 अगस्त हमें केवल राजनीतिक स्वतंत्रता की याद नहीं दिलाता, यह उस व्यापक और गहरी आज़ादी का प्रतीक भी है जो हर जीवन को मिलनी चाहिए डर से मुक्त होने की, पीड़ा से मुक्त होने की, और अनदेखी सीमाओं से पार जाने की। पर वास्तविकता यह है कि हमारे बीच ऐसे बच्चे हैं, जिनका संसार जन्म से ही रोग की परछाई में ढका होता है। खून के रोग और बच्चों का कैंसर केवल चिकित्सकीय चुनौतियां नहीं हैं, बल्कि ये हमें यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि स्वतंत्रता का अर्थ क्या केवल राष्ट्रीय सीमाओं तक सीमित है, या यह उस बच्चे की धड़कनों तक भी पहुंचता है जो अस्पताल के बिस्तर पर अपनी छोटी-सी दुनिया बचाने की कोशिश कर रहा है।

**बच्चों का कैंसर - जीवन की नाजुकता का आईना**

जब हम 'कैंसर' सुनते हैं, तो अक्सर हमारे मन में बुजुर्ग चेहरे या वयस्क जीवन की कहानियां आती हैं। लेकिन बच्चों का कैंसर अलग है-कारण अस्पष्ट, उपचार जटिल, और समय अमूल्य। वयस्कों में यह रोग अक्सर वर्षों की जीवनशैली या बाहरी कारकों का परिणाम होता है, जबकि बच्चों में यह एक अनकही, अनजानी कहानी के रूप में आता है। लीकेमिया, लिम्फोमा, ब्रेन ट्यूमर ये केवल चिकित्सकीय शब्द नहीं, बल्कि अनगिनत परिवारों के संघर्ष, उम्मीद और विश्वास की कथा हैं। इलाज में हर निर्णय नाजुक होता है- दवा की हर खुराक, देखभाल का हर पल। और फिर भी, आशा की किरण यही है कि सही समय पर पहचान और उपचार से 70 से 80 प्रतिशत बच्चों को जीवन का दूसरा अवसर मिल सकता है।

**खून के रोग अदृश्य बंधन जो जीवन को थाम लेते हैं**

अक्सर हम थकान, पीला रंग, बार-बार बीमार पड़ने को 'कमजोरी' का नाम देकर टाल देते हैं। लेकिन यह टालना कई बार जीवन के साथ खिलवाड़ बन जाता है। थैलेसीमिया, हीमोफीलिया, लीकेमिया- ये रोग न केवल शरीर को, बल्कि पूरे परिवार की सांसों को जकड़ लेते हैं। इनकी पहचान और समय पर उपचार किसी एक जीवन को ही नहीं, बल्कि पूरे भविष्य को बदल सकता है।

**विशेषज्ञ का महत्व क्योंकि हर बच्चा अद्वितीय है**

बच्चा केवल एक छोटा इंसान नहीं है-वह अपनी प्रकृति, प्रतिक्रिया और जरूरतों में पूरी तरह अलग है। उसकी बीमारी का स्वरूप अलग है, दवाओं की भाषा उसके शरीर के लिए अलग है। यहां एक पीडियाट्रिक हेमेटोलॉजिस्ट ऑन्कोलॉजिस्ट का ज्ञान और अनुभव सिर्फ उपचार नहीं, बल्कि एक सेतु है- बीमारी और जीवन के बीच, निराशा और आशा के बीच।

**संतोष कैंसर फाउंडेशन जागरूकता से मुक्ति की ओर**

संतोष कैंसर फाउंडेशन इस विचार को जीता है कि बीमारी से लड़ाई सिर्फ अस्पतालों में नहीं, बल्कि समाज की चेतना में भी लड़ी जाती है। गांव-गांव, शहर-शहर आयोजित होने वाले निःशुल्क जांच शिविर, कैंसर स्क्रीनिंग और रक्त रोगों के जागरूकता कार्यक्रम यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई बच्चा संसाधनों की कमी या अज्ञानता के कारण पीछे न रह जाए। यह कार्य केवल चिकित्सा सेवा नहीं, बल्कि सामूहिक करुणा और मानवीय जिम्मेदारी का विस्तार है।

**रोहतक में आशा का ठिकाना**


पहले, ऐसे मामलों में परिवारों को बड़े शहरों के चक्कर लगाने पड़ते थे जहां समय, धन और मन सब थक जाते थे। अब वी केयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रोहतक में जांच से लेकर कीमोथेरेपी और दीर्घकालिक देखभाल तक की संपूर्ण सुविधा उपलब्ध है। यहां केवल इलाज नहीं होता, यहां आशा को जीवन दिया जाता है।

**स्वतंत्रता का असली अर्थ**

हम अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा, अच्छा भोजन और सुरक्षित भविष्य देना चाहते हैं। लेकिन असली आजादी तब है, जब कोई बच्चा अस्पताल की दीवारों में कैद न हो, जब उसका खेल का मैदान उसकी जिंदगी का मुख्य हिस्सा हो, न कि दवाओं की बोतलें और इंजेक्शन। स्वतंत्रता दिवस पर, हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम हर चेतावनी संकेत को गंभीरता से लेंगे, समय पर विशेषज्ञ से संपर्क करेंगे और अपनी सामूहिक चेतना को इतना मजबूत करेंगे कि कोई बच्चा अपनी मासूम मुस्कान खोने पर मजबूर न हो। क्योंकि सच्ची आज़ादी वह है, जहां हर बच्चे को जीवन का पूरा आसमान मिले- बीमारी, दर्द और डर से परे।

Advt.




## 34 स्थानों पर पुलिस की नाकाबंदी

**रोहतक।** स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस द्वारा जिले में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। जिले की सुरक्षा के लिए पहले से विशेष रूप से 34 स्थानों को चिन्हित कर नाकाबंदी की गई है। इसके अलावा राजीव गांधी खेल परिसर, महम में राजकीय महाविद्यालय व सांपला में नई अनाज मंडी में होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए समारोह स्थल के चारों तरफ भी विशेष तौर पर नाकाबंदी की गई है। सभी नाकों पर हथियार, वॉकी टॉकी सैट व अन्य आधुनिक उपकरण मौजूद हैं। सभी नाकों पर उचित मात्रा में पुलिस बल तैनात रहेगा। नाकों पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है। जिला में तैनात सभी राइडर/पीसीआर/ईआरवी निरंतर गश्त कर रही है।

## स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में सीएम फहराएंगे तिरंगा

**रोहतक।** राजीव गांधी खेल परिसर में 79 वें राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर स्थित राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। जिला प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वजारोहण करने के उपरांत खुली जीप में सवार होकर परेड में शामिल टुकड़ियों का निरीक्षण करेंगे। इस वर्ष परेड में 11 टुकड़ियां शामिल हैं, जो परेड कमांडर एएसपी फैसल खान के नेतृत्व में भव्य मार्च पास्ट में हिस्सा लेंगी, जिनकी मुख्यमंत्री सलामी लेंगे। हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन का बैंड इस राज्य स्तरीय समारोह की शोभा बढ़ाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश वासियों के नाम संदेश दिया जाएगा तथा वे युद्ध वीरांगनाओं व स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को भी सम्मानित करेंगे। इसके उपरांत समारोह में हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के 410 रंगरूट सामूहिक शारीरिक अभ्यास में भाग लेंगे तथा पुलिस जवानों द्वारा योगासन का प्रदर्शन किया जाएगा। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है।



- राजीव गांधी खेल परिसर में परेड की सलामी लेंगे








# द आर्यन ग्लोबल स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी

रोहतक। द आर्यन ग्लोबल स्कूल में कक्षा 5 के विद्यार्थियों के लिए एक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। जिसका विषय था स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी। इस अनोखी प्रतियोगिता में देशभक्ति और सांस्कृतिक रंगों का अद्भुत संगम देखने को मिला। विद्यार्थियों ने अपने नृत्य के माध्यम से न केवल भारत माता के प्रति प्रेम को दर्शाया, बल्कि श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और जीवन मूल्यों को भी जीवंत कर दिया। पारंपरिक परिधानों, रंग-बिरंगे मंच सजावट और तालबद्ध प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति की भावना के साथ-साथ भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना था।

# न्यू हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राधा कृष्ण की झांकियों ने बिखेरी भक्ति की छटा



रोहतक। स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर न्यू हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्कूल के सभी बच्चों ने पूरे हर्षो उल्लास के साथ भिन्न-भिन्न प्रकार की वेशभूषाओ में सांस्कृतिक प्रोग्राम किया। काफी बच्चे वीर क्रांतिकारियों की वेशभूषा में ,महान नेताओं की वेशभूषा में एवं भगवान श्रीकृष्णा तथा राधा रानी आदि के रूप में छोटे-छोटे बच्चे अपनी-अपनी कलाओं का प्रदर्शन करते नजर आए। कक्षा दसवीं की छात्रा कीर्ति ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का बहुत अच्छा रोल अदा किया। इसी प्रकार पांचवी कक्षा की छात्रा मायरा ने राधा रानी तथा प्रिंस ने भगवान श्रीकृष्णा का रोल अदा किया। इसी प्रकार अंशु, ग्रीक और शौर्य प्रताप ने शहीद ए आजम भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद एवं महात्मा गांधी आदि का रोल अदा किया। निदेशक जेएस बूरा ने उन सभी अध्यापकों का तह दिल से धन्यवाद किया।

# जीडी गोयनका टॉडलर हाउस में स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति भावना के साथ मनाया




रोहतक। सनसिटी- 36 स्थित जीडी गोयनका टॉडलर हाउस रोहतक में स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक बलराज सिंह एवं प्रधानाचार्या अनामिका बल्हारा के ध्वजारोहण से हुई, ध्वजारोहण के समय सभी विद्यार्थी, उनके अभिभावक और सभी सहायक कर्मचारी उपस्थित थे। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया गया। प्रधानाचार्या अनामिका ने सभा को संबोधित करते हुए सबसे पहले 79 वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें देशभक्ति गीत, भाषण और कविताएं शामिल थीं। अंत में सभी को लड्डू वितरित किये गए और कार्यक्रम का समापन किया गया।

# एसवीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मना स्वतंत्रता दिवस

रोहतक। एसवीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग बांलद में स्वतंत्रता दिवस व जन्मष्टमी दोनों त्योहारों को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। झंडा फहराने के लिए कॉलेज के प्रबंधक श्रीपाल बड़क व एमडी सुमित बड़क ने सभी को बधाई दी। इस मौके पर ज्योति मलिक, आदि मौजूद रहे।









# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एलपीएस बोसॉर्ड में पौधरोपण किया



रोहतक। बालन्द में एलपीएस बोसॉर्ड कंपनी व यूपीएस द्वारा लगाई गई यूनिट में पौधरोपण करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व एलपीएस बोसॉर्ड कंपनी के एमडी राजेश जैन व साथ में अन्य नेता।




# विनोद नांदल मेमोरियल पालिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित




रोहतक। विनोद नांदल मैमोरियल, पालिक स्कूल दिल्ली रोड स्थित रोहतक के प्रागंण में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या व जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में अनेक सामाजिक व सोस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ हिंदी व अग्ग्रेजी भाषणों द्वारा किया गया। कक्षा पहली की छात्राओं ने 'सौगंध मुझे इस माटी की' पर नृत्य किया, और अपने राष्ट्रीय झंडे तिरंगे का गुणगान किया। कक्षा छठीं की छात्राओं ने ओ देश मेरे पर नृत्य किया। कक्षा सातवी के छात्रो ने 'संदेशे आते हैं। अंत में प्रधानाचार्य राजेश हुड्डा ने इस समारोह की प्रशंसा की तथा स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी।

# एसबी मॉडल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित




रोहतक। एसबी मॉडल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी के उपलक्ष पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सबसे पहले विद्यालय के विजेता खिलाड़ियों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रीय गान तथा भारत माता की जय के नारों के साथ प्रांगण गूंज उठा। जिसमें विद्यालय के छात्रों द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी पर कृष्ण की सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई तथा देशभक्ति गीत तथा नृत्यों ने सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। विद्यालय की प्राचार्या कृष्णा रोहिल्ला ने छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी।




# विद्या प्रकाश हाई स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी



रोहतक। विद्या प्रकाश हाई स्कूल कन्हेली रोड में स्वतन्त्रता दिवस व जन्माष्टमी का उत्सव स्कूल डायरेक्टर एडवोकेट अशोक पावड़िया की अध्यक्षता में बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। बच्च्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से देशभक्ति, शिक्षा का महत्त्व, बुजुर्गों व माता-पिता का सम्मान, पानी बचाओं व पर्यायवरण सुरक्षा का संदेश दिया गया। प्रोग्राम के अंत में उप-प्राचार्य सोनिया कथूरिया ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उनको शिक्षा के प्रति जागरूक भी किया तथा बच्चों के अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




# मॉडल स्कूल में जन्माष्टमी पर्व की रही धूम



रोहतक। आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चे श्री कृष्ण, राधा, गोपियों का वेश धारण करके आए, रोल प्ले और नृत्य किया, दही-हांडी फोड़ी। इसके अलावा विद्यार्थियों ने बांसुरी, झूले, मटकियां सजा कर तथा मुकुट बना कर अपनी कला का परिचय दिया। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त रोहतक धर्मेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष रामअवतार गुप्ता, सचिव राजेश कुमार सहगल ने कृष्ण जन्माष्टमी पर शुभकामना संदेश भेजते हुए श्रीकृष्ण द्वारा दिए गए कर्म करने के संदेश का पालन करने के लिए कहा। प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा दी गई प्रस्तुति की सराहना की।

# एचडी पब्लिक स्कूल देशभक्ति के रंग से सराबोर



रोहतक। बहुअकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल का परिसर 14 अगस्त को देशभक्ति के रंग में सराबोर और कृष्णभक्ति के सुरों से गुंजायमान रहा। विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी का संयुक्त आयोजन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। इस शुभावसर पर स्कूल ऑडिटोरियम में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देश के भावी निर्माता विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित ऑपरेशन सिंदूर पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबको भाव-विभोर कर दिया। स्कूल निदेशक सुरेन्द्र सिंह फोगाट, शैक्षिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फोगाट, प्रधानाचार्य दुलाल देब, अध्यापकगण व सभी विद्यार्थियों के समवेत स्वर ने भारत माता की जयगूंज के साथ, स्कूल प्रांगण में आजाद-ए-जश्न का आगाज किया।

# सुनारियां कलां से अधेड़ लापता, केस दर्ज

रोहतक। गांव सुनारियां कलां निवासी शमशेर सिंह 12 अगस्त की शाम घर से घूमने के लिए निकले थे, परंतु वापस नहीं लौटे। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने बेटे की शिकायत पर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। सुनारिया कलां निवासी साहिल ने पुलिस को बताया कि उसके 53 वर्षीय पिता 12 अगस्त की शाम खाना खाने के बाद घर से निकले थे। इसके बाद वापस नहीं लौटे।







हर घर तिरंगा
LPS BOSSARD
Proven Productivity
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विकसित भारत
आजादी के 78 साल... लाखों वीरों का सपना और उनके बलिदान का परिणाम।
यह सिर्फ एक उपलब्धि नहीं है, यह एक जीवन भर का संकल्प है
कि सभी 1.46 अरब भारतीय स्वदेशी अपनाने, स्वच्छता को अपनी आदत बनाने
और अपनी धरती माता की सदैव रक्षा करने के लिए एकजुट हों।
राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम
14 अगस्त 2025 को UPS/LPS Bossard, गाँव बालन्द में
पौधारोपण करते हुए माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी,
श्री मोहन लाल बडौली प्रदेशाअध्यक्ष भाजपा,
श्री राजेश जैन (एम डी, एलपीएस बोसार्ड) एवं अतिथिगण
वृक्ष लगाओ, पर्यावरण बचाओ
Happy जन्माष्टमी
WE STAND FOR PEACE
राजेश जैन
एम.डी.,एल.पी.एस.बोसार्ड
गीले, सूखे कचरे और प्लास्टिक के लिए अलग-अलग कूड़ेदान का प्रयोग करें
LPS BOSSARD
Proven Productivity
BP Jain Skill Development Centre
(Run By : Lakshmi Foundation)
UPS LAKSHMI